लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रेस विज्ञप्ति

वर्ष 2023 के स्नातक, स्नातकोत्तर, पी0एचडी0, डी0लिट0, उपाधि तथा मेडल प्राप्त करने वाले समस्त छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि लखनऊ विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह दिनांक 06-12-2023 दिन बुधवार को पूर्वाह्न 11:00 बजे से लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर समस्त उपाधि एवं मेडल धारक छात्र/छात्राओं को निर्धारित परिधान पहन कर उपाधि व मेडल प्राप्त करने होंगे।

अतः उपरोक्त समस्त छात्र/छात्राओं को शैक्षिक परिधान दिनांक 04-12-2023 एवं 05-12-2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 तक वितरण हेतु उपलब्ध होगा। इन दिवसों में रू0 350/- अंगवस्त्र हेतु तथा निर्धारित परिधान कुर्ता पैजामा हेतु रू0 450/- कैशियर कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय मे जमा कर पावती प्राप्त करनी होगी। तदुपरान्त उक्त पावती कुलानुशासक कार्यालय, लखनऊ विश्वविद्यालय के बगल में स्थित कक्ष संख्या 05 में सम्बन्धित वितरणकर्ता को प्रदान कर उक्त अंगवस्त्र/परिधान प्राप्त करने होंगे।

दीक्षान्त समारोह के सम्पन्न होने के उपरान्त अंगवस्त्र/परिधान दिनांक 06-12-2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक एवं दिनांक 07-12-2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह् 03:00 बजे तक वितरणकर्ता को कक्ष संख्या 05 में वापस करने के उपरान्त जमा शुल्क रसीद की प्राप्त कर रसीद को कैशियर कार्यालय, में प्रस्तुत करना होगा, कैशियर कार्यालय द्वारा जमा शुल्क मे से रू0 60/- अंगवस्त्र हेतु तथा रू0 90/- परिधान शुल्क (कुल धनराशि रू0 150/- मेन्टीनेन्स चार्जेज के रूप में) के रूप में काटकर शेष रू0 650/- का भुगतान छात्र/छात्राओं को कर दिया जायेगा। छात्र/छात्राओं द्वारा अंगवस्त्र/परिधान उपरोक्त तिथि तक वापस नहीं करने की स्थिति मे जमा जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी। वेशभूषा की व्यवस्था उपाधिप्राप्तकर्ता द्वारा स्वंय करनी होगी।

समस्त उपाधि/पदक प्राप्तकर्ता दिनांक 06-12-2023 को पूर्वान्ह 10:00 बजे तक दीक्षान्त समारोह स्थल (कला संकाय प्रांगण) मे अपना स्थान अवश्य ग्रहण कर ले।

(डॉ0 विनोद कुमार सिंह)
कुलसचिव

संख्याः– M-27000-20 दिनांकः– 29/11/23

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1- निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2- प्रो0 अवधेश कुमार त्रिपाठी, अधिष्ठाता, महाविद्यालय परिषद, संयोजक, वस्त्र एवं परिधान समिति,दीक्षान्त समारोह 2023।
3- समस्त संकायाध्यक्ष को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति संकाय कार्यालय के सूचना पट पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
4- निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वह उक्त विज्ञापन का व्यापक प्रचार–प्रसार सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।
5- वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।
6- वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव, कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
7- लेखा अधिकारी, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि वह छात्रों के परिधान शुल्क जमा करावाने के संबंध में विज्ञप्ति के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।
8- प्रभारी, बेवसाइट, ल0वि0वि0 को इस आशय के साथ प्रेषित कि प्रस्तुत विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड कराने का कष्ट करें।
9- समस्त उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव, ल0वि0वि0।

कुलसचिव